पंजाब केसरी 21/10/24

जी.एम.एन कॉलेज ने जोनल युवा महोत्सव में प्रतिभा का जलवा बिखेरा, रनर अप ट्रॉफी पर किया कब्जा

अम्बाला, 20 अक्तूबर (बलराम): अम्बाला कैंट स्थित एस.डी. कॉलेज में आयोजित जोनल यूथ फैस्टिवल के तीसरे दिन ज़ी.एम.एन. कॉलेज अम्बाला कैंट के छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में कई पुरस्कार हासिल किए। इस फैस्टिवल का तीसरे दिन जी.एम.एन. कालेज के छात्रों ने हरियाणवी ऑर्केस्ट्रा, ऑन-द-स्पॉट फोटोग्राफी, और वक्तृत्व कला (एलोक्यूशन) जैसी तीन प्रमुख गतिविधियों में हिस्सा लिया। उनके इस उम्दा प्रदर्शन से कॉलेज का नाम रोशन हुआ।

ट्राफी व मैडल जीतने वाले छात्र-छात्राओं के साथ प्राचार्य डा. रोहित दत्त। (देवदत्त)

तीसरे दिन के समापन पर पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न गतिविधियों में विजयी छात्रों को सम्मानित किया गया। जी.एम.एन. कॉलेज के छात्रों ने विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार प्राप्त किए और अपनी कला, प्रतिभा और उत्साह का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

जी.एम.एन. कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने छात्रों की इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर की और कहा कि कॉलेज के छात्रों ने कठिन परिश्रम और समर्पण से यह उपलब्धि हासिल की है।

उन्होंने पूरी टीम और उनके मार्गदर्शक शिक्षकों को भी बधाई दी, जिन्होंने छात्रों को इस फेस्टिवल के लिए तैयार किया। प्राचार्य ने कहा कि यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम है, और भविष्य में भी वे ऐसे ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। जी.एम.एन. कॉलेज के छात्रों की इस सफलता ने न केवल कॉलेज बल्कि पूरे जिले का मान बढ़ाया है।

रनरप अप जीतने वाली जी.एम.एन कॉलेज की टीम को सम्मानित करते मुख्य अतिथि व उपस्थित प्राचार्य डा. रोहित दत्त। (देवदत्त)